तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025


12 जमीन विवाद में भाई ने भाई की कुल्हाड़ी से कर दी...



12 बारिश के बावजूद शिक्षकों ने रैली निकाल...





**खबर संक्षेप**

## रोटरी क्लब ने किया फूड बास्केट का वितरण



**जगदलपुर।** महारानी अस्पताल परिसर के शहीद गुंडाधुर सभागार में मुख्य अतिथि रोटेरियन और छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी द्वारा बस्तर जिले के टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को पौष्टिक आहार से परिपूर्ण फूड बास्केट का वितरण किया गया। श्री मद्दी ने रोटरी क्लब के लोगों से आह्वान किया गया कि ऐसे कार्यक्रम अपने मुख्य कार्यक्रमों में जोड़कर लगातार किए जाने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रीमती रीना लक्ष्मी के साथ विवेक सोनी अध्यक्ष बस्तर जिला रोटरी क्लब अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। जिनमें से प्रमुख शाइन वर्गीस साजी सेक्रेटरी, अमित कुमार जैन, वाइस प्रेसिडेंट सौरभ अरोरा, जॉइंट सेक्रेटरी विवेक जैन, मेडिकल प्रोजेक्ट अध्यक्ष हर्षवर्धन कौशिक, कोषाध्यक्ष और अन्य रोटरी सदस्य गणेश गुप्ता, मनोज जॉर्ज थॉमस, गौतम पारेख और डॉ. सरिता थॉमस इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## लालबाग आमागुड़ा चौक में हाईवे से अतिक्रमण हटाया



**जगदलपुर।** आज शहर के लालबाग आमागुड़ा चौक में हाईवे पर अतिक्रमण को हटाने की कारवाई की गई। वही सख्त हिदायत दिया गया कि इस स्थान पर अतिक्रमण नहीं करें। इस चौक में कई बार दुर्घटना पूर्व में हो चुकी हैं इसे देखते हुए अतिक्रमण हटाने की कारवाई किया गया। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान राजस्व विभाग के राकेश यादव, सुशील कर्मा, इंद्रनील यदू तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**चार परिवारों के लिए 16 लाख की सहायता राशि हुई स्वीकृत**

जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस. ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील जगदलपुर के ग्राम धनपुंजी निवासी अभिषेक की मृत्यु पानी में डूबने से माता कंचन को, तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम नेंगानार निवासी रमेश की मृत्यु बिजली गिरने से माता सोमड़ी भास्कर को सहायता राशि दी जाएगी। ग्राम आंजर निवासी मंगती की मृत्यु पानी में डूबने से पति भास्तेर को और तहसील बकावण्ड ग्राम मालगांव निवासी रत्ना नाग की मृत्यु बिजली गिरने से पति थबीर नाग प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

## कांगेर घाटी उद्यान की गुफाएं 30 सितम्बर तक रहेगी बंद

**जगदलपुर।** वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा हेतु तत्काल प्रभाव से 30 सितम्बर तक कांगेर राष्ट्रीय उद्यान के अन्तर्गत आने वाले कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा और अन्य सभी गुफाएं आगामी आदेश तक पर्यटन प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी। निदेशक कांगेर राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में इन सभी गुफा स्थलों में प्रवेश पूर्णतः निषेध रहेगा।

# गोंचा महापर्व में हेरापंचमी रस्म, हुआ लक्ष्मी-नारायण संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर गोंचा महापर्व में मंगलवार को हेरापंचमी पूजा विधान हुआ। बस्तर गोंचा महापर्व के तहत हेरा पंचमी पूजा विधान सम्पन्न हुआ जिसमें श्रीश्री महालक्ष्मी जी की दो डोली नगर भ्रमण एवं रथ परिक्रमा स्थल से होते हुए गुडिंचा मंदिर सिरहासार भवन पहुंची जहां नाराज श्रीश्री महालक्ष्मी के साथ लक्ष्मी-नारायण संवाद हुआ। जिसके बाद वापस लक्ष्मी जी की दो डोलियां जगन्नाथ मंदिर पहुंची। भगवान जगन्नाथ जी के श्री मंदिर से निकलने के बाद चार दिनों तक वापस नहीं लौटने से भगवान जगन्नाथ का हरण की आशंका से महालक्ष्मी जी द्वारा आषाढ शुल्क पक्ष पंचमी को ढूढंने निकलने की पौराणिक ग्रंथों के अनुसार मनाये जाने वाले इस पूजा विधान को हेरा पंचमी पूजा विधान के रूप में लक्ष्मी-नारायण संवाद के साथ प्रतिवर्ष गोंचा में मनाया जाता है।

आषाढ शुल्क पक्ष पंचमी को होने वाले इस पूजा विधान को देखने बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। आरण्यक ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व के हेरा पंचमी पूजा विधान में श्री जगन्नाथ मंदिर से दो डोलियां निकाली गई जिसमें परम्परानुसार पहली डोली राजपरिवार, राजगुरू एवं कुंवर परिवार के यहां ▸▸| शेष पेज 12 पर

### लक्ष्मी जी की दो डोली जनकपुरी स्थित गुडिंचा मंदिर पहुंची



### वर्षों बाद महाराजा व महारानी ने एक साथ की पूजा अर्चना

वर्षों बाद गोंचा महापर्व में बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव ने महारानी के साथ माता महालक्ष्मी की डोली का राजमहल में पूजा अर्चना किया। परम्परानुसार पहली डोली राजमहल पहुंची जहां दोनों ने एक साथ महालक्ष्मी की पूजा की जिसके बाद डोली राजगुरू एवं कुंवर परिवार के यहां से होते हुए जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार में पहुंची। वहीं दूसरी डोली जगन्नाथ मंदिर से निकाला जाकर दोनों डोलियां एक साथ रथ परिक्रमा स्थल से होते हुए जनकपुरी स्थित गुडिंचा मंदिर पहुंची जहां लक्ष्मी नारायण संवाद की अदायगी की गई।

**विडंबना : कर्मचारियों ने कलेक्टर को लिखा पत्र, छत से झांक रहीं छड़ें**

# जर्जर आवासों में रह रहे कर्मियों ने लगाई गुहार करोड़ों के कार्यों की जांच कराएं या मरम्मत करा दें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नकुलनार

- छत के कांक्रीट, खाद्य पदार्थों और बिस्तर में गिरता है, कभी बड़ा हादसा हो सकता है
- आवासों की छत है कमजोर, जंग लगी छड़ दिखने लगी है

कटेकल्याण ब्लॉक मुख्यालय में शासकीय आवास कमजोर और जर्जर हो चुके है। इन आवासों में निवासरत कर्मचारियों का बरसात के मौसम में जीना अभिशाप बन गया है। आवासों की छत कमजोर और जर्जर होने के चलते पूरे परिवार में भय बना रहता है। छत से कांक्रीट खाने और बिस्तर में गिरता है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने दर्जनों परिवारों को संकट में ला दिया है। व्यथित कर्मचारियों ने वेदना भरा पत्र कलेक्टर को लिखा है। आवासों का साहब मरम्मत ही करवा दें। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इतना ही नहीं इन आवासों का कागजों में मरम्मतीकरण का आरोप भी लगाया गया है। 2021 से अब तक एक करोड़ से अधिक रुपए मरम्मतीकरण के नाम पर खर्च होना बताया गया है।

कटेकल्याण के ब्लॉक कॉलोनी के शासकीय आवासों की कुछ तस्वीरें कर्मचारियों ने आवेदन के साथ संलग्न की है। पत्र में यह भी लिखा है कि कॉलोनी के भवनों का मौका मुआयना करने की किसी भी अधिकारी ने अब तक रूचि नहीं ली है। इन आवासों के नाम पर ठेकेदारों और निर्माण एजेंसी से जुड़े अधिकारियों ने अपनी जेब भरी है। व्यथित कर्मचारी यह भी लिखे है कि जांच करवाना है तो करवाओ पर मकानों की स्थिति को सुधरवा दो। यदि मकान सही हो जाएगें तो परिवार से भय समाप्त हो जाएगा।





### पत्र में रकम का भी उल्लेख

*आवासीय भवनों के मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग समय-समय पर बजट खर्च करता है। लोक निर्माण विभाग संभाग दंतेवाड़ा, उपसंभाग बचेली (उपखंड कटेकल्याण ) के लिए वर्ष 2021-22 में 3 लाख, वर्ष 2023-24 में 15 लाख एवं 8 लाख, वर्ष 2024-25 में 48 लाख और 45 लाख का व्यय किया गया है। इस कॉलोनी के किसी भी भवन का मरम्मत कार्य बरसों से नहीं हुई है।*

### जानकारी मिलने पर निराकरण होगा

*अभी यह जानकारी मुझ तक नहीं पहुँची है, जानकारी आते ही किस तरह की समस्या बता रहे है, उसका निराकरण किया जायेगा।*

*-कुणाल दुदावत, कलेक्टर दंतेवाड़ा*

# बुवाई के दौरान पुलिस व राजस्व विभाग की टीम निपटा रही जमीन विवाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- जमीन विवाद के साथ ही सायबर क्राइम व अन्य अपराधों की दी जा रही जानकारी

जमीन विवाद के चलते हाल ही में बस्तर थाना क्षेत्र में हुए हत्या की वारदात के बाद बस्तर पुलिस चौकन्नी हो गई है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर एक ओर जहां जमीन सबंधी विवादों का निपटारा कर रही है। वहीं दूसरी ओर अपराध में कमी लाने ग्रामीणों को सायबर क्राइम, ठगी, महिला संबंधी अपराध की जानकारी भी दी जा रही है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग द्वारा जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को जमीन विवाद के प्रति सचेत रहने व तत्काल विवाद का निराकरण का निर्देश दिया ▸▸| शेष पेज 12 पर

### बाहरी तत्वों व सदिंग्धों की जानकारी देने की अपील

निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि जमीन सबंधी विवादों के निपटारे के साथ ही पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करने अभियान चलाया जा रहा है। जागरुकता अभियान के तहत ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साइबर फ्रॉड महिला व बच्चों से संबंधित अपराध, बालविवाह की रोकथाम व यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों से अपील की गई की बाहरी तत्वों, संदिग्धों व अपराध की सूचना तत्काल थाने में दें ताकि समय रहते अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# स्कूल बसों का होगा पंजीयन निरस्त



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में स्कूल प्रबंधन बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसके लिए हाल ही में परिवहन विभाग ने स्कूल बसों की जांच की पर इसमें 89 स्कूल बस नहीं पहुंच सकी। ऐसे स्कूल बसों की दोबारा जांच के लिए 5 जुलाई को बुलाने के लिए स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्यों को नोटिस दिया गया है। उसके बाद भी नहीं पहुंचने वाले स्कूल बसों को पंजीयन निरस्त किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन अनुसार समस्त उपकरणें स्पीड लिमिट डिवाइस, व्हीएलटी डिवाइस, सीसीटीव्ही कैमरा एवं अन्य समस्त उपकरण लगाकर आड़ावाल स्थित आरटीओ कार्यालय में समस्त दस्तावेजों जैसे परमिट, ▸▸| शेष पेज 12 पर

# नये सत्र में अध्यापन प्रारंभ कॉलेजों में अतिथि व्याख्याता की अब तक नियुक्ति नहीं

**जगदलपुर।** नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है और प्रत्येक वर्ष की भांति इस सत्र में भी शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याता कि नियुक्ति पर राज्य शासन व उच्च शिक्षा विभाग मौन है। इसी तरह की उदासीनता पर उच्च न्यायालय ने संज्ञान में लेकर 28 जुलाई 2023 को अतिथि व्याख्याता के लिए पॉलिसी बनाने के आदेश दिए थे। जिसके परिपालन में 26 जून 2024 की सुनवाई में शासन के द्वारा अतिथि व्याख्याता नीति 2024 प्रस्तुत किया गया जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा तत्काल पॉलिसी लागू करने आदेश जारी किया गया। उक्त तिथि से अतिथि व्याख्याता पॉलिसी लागू है। पॉलिसी के तहत अतिथि व्याख्याता को 11 माह कार्य एवं 1 माह सेवा से पृथक रखा गया है, लेकिन प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, शासन के आदेश बिना ही 15 मई 2025 को सेवा समाप्त कर चुके हैं। अब उनकी पुनःनियुक्ति के संबंध में विभाग और प्राचार्य मौन हैं। जिसका नुकसान विद्यार्थियों को हो रहा है।

विदित हो कि राज्य में नई शिक्षा नीति 2020 लागू है जिसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने अकादमिक कैलेण्डर भी जारी किए हैं। जिसमें 1 जुलाई से अध्यापन कार्य आरंभ है। 28 नवंबर से प्रथम सेमेस्टर परीक्षा लिया ▸▸| शेष पेज 12 पर

# बीमार छात्र की पिटाई कर चार घंटे तक स्कूल के बाहर किया खड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय से लगे पातररास मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत बीमार छात्र के चार दिन बाद स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल द्वारा उसकी पिटाई कर स्कूल के बाहर चार घंटे तक खड़ा रखा गया। इस बात का खुलासा तब हुआ जब बच्चे की मां बच्चे को लेने स्कूल पहुंची जिसके बाद उन्होंने इसका विरोध दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक स्कूल में अध्ययनरत नवमीं कक्षा का छात्र अभय चक्रवर्ती पिछले पांच दिन से डेंगू से ▸▸| शेष पेज 12 पर





### बच्चा कई दिन से स्कूल नहीं आ रहा था...



बच्चा कई दिन से स्कूल नहीं आ रहा था मैंने उससे कहा कि तुमने न तो एप्लीकेशन दिया और न ही पैरेंट्स से डायरी में लिखवाकर लाए हो। हमने उससे पैरेंट्स को बुलाने कहा था लेकिन वह बाहर जाकर खड़ा हो गया था।

**मृत्युंजय पाणिग्राही**
प्रिंसीपल, डीएवी पब्लिक स्कूल, दंतेवाड़ा

### टीम गठित कर मामले की जांच की जाएगी...



बच्चे को स्कूल टाइम में स्कूल के बाहर खड़े करना और पिटाई करना गलत है। जल्द ही टीम गठित कर पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी। तथा जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**एसके अम्बस्ता**
जिला शिक्षा अधिकारी, दंतेवाड़ा

**50 साल से इंद्रावती संकट का सामना कर रहे बस्तर के लोग**

# बस्तर विधानसभा के 50 से अधिक गांव में सूखे की स्थिति, बोर फेल: विधायक लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- आज से कांग्रेसी देंगे अनिश्चितकालन धरना

पूरे बस्तर में जल जीवन मिशन योजना पूरी तरह से फेल है। बस्तर विधानसभा क्षेत्र के 50 से 60 गांव में सूखे की स्थिति है। वहीं इंद्रावती जल संकट का मसला 50 साल से सुलझ नही पाया है। एक माह पहले धरना प्रदर्शन करने के बाद पीएचई विभाग ने खाना पूर्ति करते हुए एक दो गावं में नलकूप का मरम्मत करवाया है। लेकिन इससे गांव की जल समस्या दूर नहीं हो रही है। इसके विरोध में कल 2 जुलाई से ग्रामवासियों के साथ मिलकर कांग्रेसी अनिश्चितकालिन धरना देंगे और यह धरना ▸▸| शेष पेज 12 पर



### फसल नुकसान का मुआवजा भी नहीं मिला

लखेश्वर बघेल ने कहा कि इंद्रावती नदी के सूखने से बस्तर के दर्जनों गांव के किसानों को फसल का नुकसान हुआ है। किसानों ने रैली प्रदर्शन कर मुआवजा कि मांग की थी। लेकिन सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। वही जल जीवन मिशन के मामले में भी अधिकारी कागज में प्रगति रिपार्ट दिखाकर गलत जानकारी दे रहे है। यदि उन्हें सच्चाई देखना है तो हमारे साथ फिल्ड में चलें। विधायक ने सीधा आरोप लगाया कि किसी भी गांव में जल जीवन मिशन का काम पूरा नहीं हुआ है। पारा टोलो में काम करा कर पूरे गांव में काम होने की झूठी जानकारी दी जा रही है।

### 11 पंचायत के 42 गांव डुबान क्षेत्र में

बोधघाट परियोजना के मामले पर पूर्व विधायक राजमन बेंजाम ने कहा कि 11 पंचायत के 42 गांव डुबान क्षेत्र में आ रहे है। स्थानीय लोगों के मांग और सहमति के अनुसार ही बस्तर में कोई भी योजना को लगाना चाहिए। बोधघाट परियोजना में यदि स्थानीय लोग नहीं चाहेंगे तो नही लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने 700 करोड़ की मटनार बैराज का एक्शन प्लान बनाया था। सरकार को इसे स्वीकृति देनी चाहिए। इसके बनने से किसी तरह का कोई नुकसान गांव और ग्रामीणों को नहीं होगा।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के नाम पर दिखी पगडंडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का नाम सुनते ही पक्की चमचमाती सड़क का ख्याल आ जाता है, लेकिन बस्तर संभाग के कई ऐसे इलाके हैं जो नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्र हैं। जहां ना कोई बड़ा अफसर पहुंचता है, ना ही कोई जनप्रतिनिधि, ऐसी स्थिति में ठेकेदार और मैदानी इलाकों के अधिकारी कर्मचारी बेखौफ होकर काम चलाऊ कार्य को पूरा कर लेते हैं, क्योंकि उन्हें इस बात का कोई डर भय नहीं रहता कि इसकी जांच होगी। हरिभूमि ने पिछले दिनों सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के अतिसंवेदनशील दूरस्थ गांव का दौरा किया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इंजरम से भेज्जी मार्ग पर ग्राम पंचायत कोत्ताचेरू है। वहां के गोरखा और चिंतागुफा गांव के बीच युवाओं ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लगा बोर्ड दिखाया, जहां पक्की सड़क जैसा कोई काम नजर नहीं आया, बल्कि संकरी पगडंडी जैसा रास्ता दिखाई पड़ा जिस पर पैदल चलकर लोग गांव और खेत की ओर जाते हैं। गांव की युवाओं ने बताया कि ▸▸| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### पहली ही बारिश में ढह गया करोड़ों का पुल



**धनोरा।** केशकाल बेड़मा होते आमाबेड़ा अंतागढ़ को जोड़ने वाले अतिमहत्वपूर्ण मार्ग पर खौली नदी पर करोड़ों रूपये की लागत से बनाये गये पुल का रिटर्निंग वाल बरसात की पहली फुहार का भी मार नहीं झेल पाया और धाराशाही हो गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाये गये पुल का निर्माण कार्य मात्र दो माह पूरा हो पाया और पुल निर्माण के बाद जून माह में हुए हल्की बरसात में पुल का रिटर्निंग वाल स्वतः ध्वस्त होकर निर्माण में बरती गई लापरवाही को उजागर कर दिया है। खौली नदी के पुल का रिटर्निंग वाल बरसात के शुरूआत में ही जिस बुरी तरह से ध्वस्त हो गया है उससे बरसात में अधिक बरसात होने तथा पानी का तेज बहाव होने से पुल और अधिक क्षतिग्रस्त होने पर आवागमन ठप्प न पड़ जाये यह चिंता लोगों को सताने लगी है ।

### धरती आबा योजना के आवेदनों का करें त्वरित निराकरणः नुपूर

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने साप्ताहिक समय–सीमा बैठक के दौरान धरती आबा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए गए कि वे लंबित आवास कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने और फील्ड विजिट बढ़ाने पर जोर दिया गया। दुग्ध, मत्स्य, वनोपज और कृषि से जुड़ी सहकारी समितियों की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों को इन समितियों के लाभों से अवगत कराना आवश्यक है। आपदा प्रबंधन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने केशकाल क्षेत्र में अग्निशमन वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनआईसीयू में सभी जरूरी चिकित्सा उपकरणों और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने की सख्त हिदायत दी गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद पर छोटे ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- जमीन बंटवारे को लेकर हुआ झगड़ा, बड़ा भाई बना शिकार
- 18 मई को हुई वारदात, 1 जुलाई को आरोपी को किया गया गिरफ्तार

मर्दापाल थाना क्षेत्र के ग्राम हासेल में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां भूमि विवाद के चलते छोटे भाई ने अपने सगे बड़े भाई की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। घटना 18 मई 2025 की बताई जा रही है। आरोपी आशाराम कोर्राम उम्र 48 वर्ष ने अपने बड़े भाई झगरूराम कोर्राम उम्र 49 वर्ष पर जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में अचानक कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

**कोंडागांव जिले के ग्राम हासेल में जमीन विवाद बना खूनी संघर्ष का कारण**

**जांच टीम में ये रहे शामिल**

*अधिकारी थाना प्रभारी रविशंकर ध्रुवसहायक उपनिरीक्षक नरेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक हिरदूराम बघेल, आरक्षकगण संतराम नायक, मूलचंद बघेल, श्याम सिंह मरकाम, समीर नेताम, वीरेन्द्र कुमार, हेमराज सोम शामिल रहे।*



**पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता की करी सराहना**

*कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाई अक्षय कुमार ने इस गंभीर मामले में तत्परता से कार्रवाई करने वाली टीम की सजगता और सक्रियता की सराहना की है।*

कई वारों के बाद मौके पर ही झगरूराम की मौत हो गई।

पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)(302) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर 30 जून को मामला दर्ज किया। जैसे ही मामले की सूचना कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाई अक्षय कुमार को मिली, उन्होंने तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र नाथ पटेल और एसडीओपी सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर 1 जुलाई को आरोपी को ग्राम हासेल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी आशाराम को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**विरोधः युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया सहित अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना**

# बारिश के बावजूद शिक्षकों ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- विकासखंड में शिक्षण व्यवस्था हुई प्रभावित

शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया एवं अन्य मांगों को लेकर 1 जुलाई को कोण्डागांव, फरसगांव, केशकाल, बड़ेराजपुर एवं माकड़ी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए भारी बारिश में रैली निकालकर मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, लोक शिक्षण संचालक एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन विकासखंड वार अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सौंपा गया।

कोंडागांव विकासखंड में ऋषिदेव सिंह जिला संचालक, प्रांतीय पदाधिकारी शिवराज ठाकुर, यशवंत देवांगन, पवन साहू, ब्लॉक संचालक मन्नाराम नेताम, मदन राठौर, सुकमन नेताम एवं राजूराम दीवान, लिखेश्वर पाण्डेय बड़ेराजपुर में जिला संचालक शंकर नेताम एवं सुभऊ नेताम ब्लॉक संचालक डूमनलाल मरकाम, मानसाय मरकाम एवं केशकाल में जिला संचालक कौशल नेताम, ब्लॉक संचालक राम सिंह मरावी, अमित मंडावी देवेंद्र कुपाल के नेतृत्व में रैली निकाली गई। फरसगांव में प्रांतीय पदाधिकारी रामचंद्र सोनवंशी ब्लॉक संचालक सुकूराम नेताम, महेंद्र पटेल, मिठू राम मांझी एवं महेंद्र कश्यप के नेतृत्व में, माकड़ी में जिला सहसंचालक चन्द्रकांत जैन, रामदेव कौशिक, ब्लॉक संचालक रमेश प्रधान, जयलाल पोयाम, महेंद्र नेताम एवं अमिताभ मिश्रा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।






**शिक्षकों की प्रमुख मांगें**

अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांग विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निरस्त कर 2008 के सेटअप लागू करने, क्रमोन्नति, पदोन्नति, पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पेंशन का लाभ देने सहित जिला स्तरीय किए गए काउंसिलिंग में सेवा निवृत्ति होने वाले या जिनकी सेवा 2 वर्ष से कम है ऐसे शिक्षक–शिक्षिकाओं को युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से मुक्त करने अथवा नगरीय क्षेत्र में पदस्थापना प्रदान करने की मांग की है। स्थानांतरण नीति व युक्तियुक्तकरण की पदस्थापना नीति में पति और पत्नी की सेवा होने के कारण पति और पत्नी को एक ही स्थान पर पदस्थापना दिए जाने का प्रावधान करते हुए पदस्थापना करने, कैंसर, हार्ट सर्जरी एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षक संवर्ग को स्वास्थ्य सुविधा लिए जाने के लिए व्यवस्था बनाते हुए वांछित नगरीय क्षेत्र में पदस्थापना करने, आपसी सहमति के आधार पर शिक्षक संवर्ग को पदस्थापना देते हुए व्यवस्थित करने की मांग प्रमुख रूप से सम्मिलित रही।

# दर्दनाक सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की मौके पर मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- एनएच-30 पर माजदा और बाइक में भिड़ंत
- फरार वाहन को कोंडागांव पुलिस ने पकड़ा, मृतक की पहचान कैलाश नेताम के रूप में

नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस और प्रशासन के जागरूकता के बाद भी वाहन चालकों द्वारा नियमों का पालन नहीं कर रहे है, जिससे हर दिन सड़क हादसे हो रही है। हर दिन सड़क हादसों में कई लोग की जान जा रही है तो कई लोग गंभीर रूप घायल हो रहे है।

मंगलवार को भी नेशनल हाईवे 30 फरसगांव नगर के सीटीओ कॉलोनी के पास के दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दोपहर करीब 12:30 बजे रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही माजदा वाहन और बाइक क्रमांक सीजी 05 ए एच 4413 की आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोर से हुई कि बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर तत्काल फरसगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को चीरघर में भिजवाया गया है। मृतक की पहचान में जुट गई।

**पुलिस की गिरफ्त में आरोपी**

हादसे के बाद माजदा वाहन कोंडागांव की ओर फरार हो गया था, लेकिन कोंडागांव पुलिस ने वाहन और चालक को पकड़ किया है । फरसगांव पुलिस ने मृतक की पहचान ग्राम बड़बत्तर निवासी कैलाश नेताम पिता सुखराम नेताम उम्र 22 वर्ष के रूप में की है। मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक सुबह कोंडागांव गया हुआ था , कोंडागांव से वापस आने के दौरान यह हादसा हो गया । परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर विवेचना कर रही है।

# बाहरी लोगों पर पुलिस की सख्ती, 4 पर मामला दर्ज, 70 से अधिक संदिग्धों की जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में बाहरी व्यक्तियों की अवैध रूप से उपस्थिति पर सख्ती दिखाते हुए कोण्डागांव पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 24 व्यक्तियों की पहचान की गई जो बिना सूचना के जिले में रह रहे थे। इनमें से 4 के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है जबकि शेष 70 से अधिक संदिग्धों की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक आयुष कुमार के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उद्देश्य था शांति व्यवस्था बनाए रखना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

बिना सूचना के रह रहे निम्नलिखित चार बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 170/126, 135(3) बीपीएनपीएस अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया शेख अफजल, पिता रजीन, उम्र 42 वर्ष, जाति मुस्लिम, निवासी ईस्लाम बाड़ा, लाली नगर, बैंक ईस्लाम बाड़ा, वार्ड क्रमांक 59, आजाद थाना रायपुर शेख श्ईद पिता शेख नासिर, उम्र 35 वर्ष, जाति मुस्लिम, निवासी भाटा, लाली नगर, बैंक ईस्लाम बाड़ा, वार्ड क्रमांक 59, आजाद थाना रायपुर रफादिन, पिता शेख कमरुद्दीन, उम्र 35 वर्ष, जाति मुस्लिम, निवासी ईस्लाम भाटा, लालीनगर, बैंक ईस्लाम बाड़ा, वार्ड क्रमांक 59, आजाद थाना रायपुर रईसिन, पिता शेख उमर, उम्र 35 वर्ष, जाति मुस्लिम, निवासी ईस्लाम भाटा, लालीनगर, बैंक ईस्लाम बाड़ा, वार्ड क्रमांक 59, आजाद थाना रायपुर।

**70 संदिग्धों की हो रही जांच दस्तावेज़ सत्यापन जारी**

पुलिस द्वारा 70 से अधिक बाहरी व्यक्तियों के दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। इनमें वोटर आईडी, आधार कार्ड, निवास प्रमाणपत्र आदि की पुष्टि की जा रही है। साथ ही, उनके कार्य की प्रकृति, व्यवहार, स्थानीय संपकोंर् और गतिविधियों पर् भी नजर रखी जा रही है।

**मकान मालिकों और ग्रामीण प्रतिनिधियों को निर्देश**

पुलिस ने सभी मकान मालिकों को निर्देशित किया है कि बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किसी भी व्यक्ति को किराये पर न रखें। पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंचों, पटेलों को भी अपने क्षेत्र में घूम रहे बाहरी व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया है।

# अतिक्रमण के मामले में कलेक्टर से जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी

ग्राम घोटिया निवासी आदिवासी महिला स्वर्गीय फूलबती बाई का मकान को तोड़कर फागूनदाह निवासी दिलीप तिवारी के द्वारा अतिक्रमण कर मकान निर्माण कर रहा है। कई बार लगातार समझाईस के बावजूद नहीं मानने पर आदिवासी समाज डौडी द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर चर्चा कि गई। जिसकी निष्पक्षता जांच के लिए कलेक्टर महोदया के लिए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सर्व आदिवासी समाज से रोहित माहला (अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ब्लाक डौण्डी), मोहन हिड़को (अध्यक्ष गोड़ समाज संभाग मोहला), तुलसी मरकाम (कोषाध्यक्ष संभाग मोहला), आत्मा राम कौड़ो (अध्यक्ष गोड़ समाज ब्लाक डौण्डी), भोला राम नेताम (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डौण्डी), समीर धुर्वा मिडिया प्रभारी, धन्नू नुरूटी (अध्यक्ष युवा प्रभाग गोंड़ समाज ब्लाक डौण्डी), अर्जुन कुमेटी (सलाहकार ब्लाक डौण्डी), सालिक राम कौड़ो (सलाहकार संभाग मोहला), देवेन्द्र कोर्राम, एतेन्द्र कुमेटी, गन्नू निषाद आदि उपस्थित रहे।

# मदर टेरेसा हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव, नन्हे बच्चों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- नर्सरी के बच्चों के लिए यादगार रहा पहला दिन
- दीप प्रज्वलन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया उत्साह




मदर टेरेसा हाई स्कूल बोरगांव ने 1 जुलाई को अपने सबसे छोटे और नए विद्यार्थियों का स्वागत समारोह आयोजित कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया. इस अवसर पर नर्सरी के बच्चों के शैक्षिक जीवन में एक सुंदर और उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य रेव. फादर फिलिप अब्राहम द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य रेव. फादर फिलिप ने अपने सम्बोधन में उन्होंने प्रारंभिक अवस्था में जिज्ञासा, कल्पनाशक्ति और सीखने के प्रेम को पोषित करने के महत्व पर बल दिया।

नन्हें बच्चों को विशेष महसूस कराने के लिए उन्हें हस्तनिर्मित स्वागत कार्ड भेंट किए गए। इसके साथ ही एक प्रतीकात्मक अक्षर-अभिन्यास कराया गया, जिसमें बच्चों ने चावल की थाली में अक्षर बनाकर साक्षरता की यात्रा की पहली सीढ़ी चढ़ी। कार्यक्रम को और भी रंगीन बनाने के लिए एक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिसमें बड़े बच्चों ने संगीत, नृत्य और कहानियों के माध्यम से छोटे बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर रेवफा रोशिन और उप प्राचार्या सिस्टर जेस्सी क्लेयर एफसीसी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गौरवपूर्ण बनाया, उन्होंने भी बच्चों को आशीर्वाद और प्रोत्साहन दिया।

## पेज 11 के शेष

### गोंचा महापर्व में...

से होते हुए जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार में पहुंची जिसके पश्चात दूसरी डोली भी जगन्नाथ मंदिर से निकाला जाकर दोनों डोलियां एक साथ रथ परिक्रमा स्थल से होते हुए सिरहासार भवन गुडिंचा मंदिर पहुंची। परम्परानुसार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा विश्व भ्रमण में रथारूढ़ होकर निकलने के बाद गुडिंचा मंदिर अपनी मौसी के घर चार दिनों तक रूकने से श्रीश्री महालक्ष्मी के द्वारा श्री मंदिर में जगन्नाथ जी के वापस नहीं लौटने पर उन्हें ढूढंने निकली थी। भगवान जगन्नाथ को गुड़िचा मंदिर अपनी मौसी के घर मिलने पर नाराज श्रीश्री महालक्ष्मी अपनी नाराजगी भगवान जगन्नाथ के सामने रखने के संवाद को ही लक्ष्मी-नारायण संवाद कहा जाता है। जिसे आषाढ शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि पर श्री महालक्ष्मी जी के द्वारा भगवान जगन्नाथ जी के हरण की आशंका से ढूढंने निकलना और भगवान जगन्नाथ को पाकर संवाद की इस परम्परा को हेरा पंचमी पूजा विधान के रूप में मनाया जाता है।

### बुवाई के दौरान...

गया था। इसी तारतम्य में नगरनार थाना क्षेत्र में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम द्वारा खेती किसानी के दौरान होने वाले विवादों का मौके पर पहुंचकर निराकरण किया जा रहा है। नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मारकेल में जमीन विवाद की सूचना पर थाना प्रभारी संतोष सिंह, तहसीलदार आशीष साहू व अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर सरपंच श्रीमती हेमवती बाकड़ा की उपस्थिति में बैठक कर ग्रामीणों को जमीन विवाद के संबंध में आवश्यक समझाइश दिया गया। वहीं मौके पर ही जमीन विवाद के दो प्रकरण का निराकरण किया गया।

### स्कूल बसों का...

फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटी डिवाईस, पेनिक बटन एवं खिड़की में जाली, एचएसआरपी लगाकर तथा चालक एवं परिचालक अपने लायसेंस सहित मोबाइल नम्बर के साथ 14 जून को भौतिक निरीक्षण हेतु वाहन प्रस्तुत किये जाने के लिए बुलाया गया था। उस समय 89 स्कूलीय वाहनों का भौतिक निरीक्षण नहीं हो पाया है उन वाहनों को पुनः 5 जुलाई को भौतिक निरीक्षण हेतु अतिम अवसर देते हुए तिथि नियत है। साथ ही चालक, परिचालक का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण भी किया जाएगा। वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस, व्हीएलटी डिवाईस एवं पेनिक बटन लगाने के लिए शासन द्वारा अधिकृत नागेश सोनी हीरो शो-रूम के बगल में आड़ावल में सम्पर्क स्थापित कर लगा सकते हैं।

**निरस्तीकरण की होगी कार्रवाई-** परिवहन विभाग के निरीक्षक एसके झा ने बताया कि उक्त तिथि को वाहन उपलब्ध नहीं कराने की दशा में एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत वाहनों का उपयुक्तता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुज्ञा पत्र, निलंबन, निरस्तीकरण की जाएगी। साथ ही वाहन संचालित होते पाया जाएगा तो वाहन निरूद्ध भी किया जाएगा।

**वाहनों की जांच जारी-** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जिले में वाहनों में हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है। साथ ही अन्य वाहनों के साथ स्कूल बसों की भी जांच की जा रही है।

### नये सत्र में...

जाना है। उक्त अवधि में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा, एसाइनमेंट, प्रायोगिक परीक्षा के साथ महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए अनेकों विधा का संचालन भी होना हैं।

**परीक्षा परिणाम में पड़ता है असर-** प्रदेश के 335 शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययन - अध्यापन की जिम्मेदारी अतिथि व्याख्याता के कंधे पर होती है। उचित समय पर नियुक्ति नहीं मिलने की वजह से पाठ्यक्रम भी पूरा नहीं हो पाता है। जिससे छात्र - छात्राओं के परीक्षा परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतिथि व्याख्याता को भी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। अतिथि व्याख्याताओं द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शासन से अविलंब नियुक्ति आदेश जारी कराने की मांग की गई है।

### बीमार छात्र की...

पीड़ित था। सोमवार को जब वह स्कूल गया तो स्कूल के प्रिंसिपल ने उसकी पिटाई कर दी और स्कूल से बाहर निकाल दिया। जिसके बाद छात्र चार घंटे तक स्कूल के बाहर ही खड़ा रहा। इसी दौरान जब बच्चे की मां स्कूल पहुंची तब बच्चा बाहर खड़ा मिला। बच्चे की मां ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरणपोषण करती हूं। बच्चे को अच्छी शिक्षा देने स्कूल भेजती हूं। लेकिन स्कूल के लोग बच्चे पर अत्याचार करते है और पिछले लगभग साल भर से उसे टॉर्चर कर रहे हैं। महिला ने कहा कि बच्चे तो शरारत करेगें ही इन्हें सुधारने और ज्ञान देने के लिए ही हम स्कूल भेजते है। कुछ दिन पूर्व भी एक टीचर ने बच्चे का गला पकड़कर उठा दिया था जिससे उसके गले में उंगलियों के निशान बन गए थे और वह खा पी नहीं पा रहा था, जिसके बाद उसका उपचार कराना पड़ा था। इसके बाद मैंने स्कूल पहुंचकर बच्चे को प्रताड़ित नहीं करने कहा था लेकिन सोमवार को पुनः बच्चे को पिटा गया और स्कूल से निकाल दिया गया। इस बीच अचानक स्कूल पहुंची और अपनी आखों से देखा। वह बारिश में भीगा हुआ था जिसे घर ले जाकर उसके कपड़े बदलवाकर दुबारा स्कूल लेकर आई थी। बच्चे ने बताया कि जब वह स्कूल आया तब प्रिंसिपल मेरे पास आए और और मुझे मारा और पूछा कि एप्लीकेशन लाए हो या नहीं इस पर मैने कहा नहीं लाया हूं तो मुझसे कहा गया कि तुम घर चले जाओ। मुझे स्कूल से बाहर निकाल दिया और मेरे एक दोस्त को क्लासरूम भेजकर मेरा बैग मंगवा दिए। जिसके बाद वह चार घंटे तक स्कूल के बाहर खड़ा रहा।

### बस्तर विधानसभा...

तब तक जारी रहेगा जब तक विभाग के द्वारा लिखित में वादा नही किया जाएगा। बस्तर विधानसभा के विधायक लखेश्वर बघेल ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास में पत्रवार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से जब 50 साल पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री प्रकाशचंद्र सेठी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नंदिनी सतपथी के बीच इंद्रावती नदी जल बंटवारे को लेकर समझौता हुआ था। 50 साल बाद भी इंद्रावती नदी कि समस्या बनी हुई है। अब तो ट्रिपल इंजन की सरकर बन चुकी है। छतीसगढ़ और केंद्र के साथ ओड़सिा में भी भाजपा की सरकार है ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा इस मामले को आपस में दोनो राज्यों को सुलझाने की बात कहना अनुचित है। उन्होंने कहा कि बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांव इंद्रावती नदी के किनारे पर बसे है। बेलगांव से भैंसगांव तक के ग्रामीणों को इंद्रावती नदी में पानी कम होने या सूखने से परेशानी हो रही है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क...

इस मार्ग पर पक्की सड़क बनी या फिर कागजों में ही बना दी गई। यह बात विभाग के अधिकारी ही बता सकते हैं।

**नक्सली पहले यहां लगाते थे जन अदालत-** इस गांव में कुछ माह पहले तक दिन दहाड़े नक्सली ट्रक, जीप जलाते थे और जन अदालत लगाकर सजा देते थे, लेकिन वर्तमान में हालात सामान्य हुए है। इस सड़क के बारे में जिले और संभाग के आला अधिकारी अथवा मंत्री, सांसद, विधायक जैसे पावरफुल जनप्रतिनिधी ही विभाग से सच्चाई का पता लगा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### एचडीएफसी परिवर्तन और आरोह फाउंडेशन ने दिए मैनुअल स्प्रेयर



**सुकमा।** स्थायी कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने के उद्देश्य से, एचडीएफसी बैंक ने अपनी परिवर्तन पहल के तहत आरोह फाउंडेशन के सहयोग से सुकमा जिले के 15 गांवों में मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती करने वाले 450 किसानों को मैनुअल स्प्रेयर वितरित किए। यह छोटी लेकिन महत्वपूर्ण सहायता किसानों के खेती कार्य को सरल बनाएगी, उत्पादकता में वृद्धि करेगी और फसल की गुणवत्ता में सुधार लाएगी। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे और सीमांत किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

### खेती को बढ़ावा देने कर रहे बायोइनपुट का निर्माण

**बीजापुर।** जिला बीजापुर में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि सखियों द्वारा सतत रूप से कार्य किया जा रहा है। जिले में चयनित 40 क्लस्टरों में कुल 80 कृषि सखियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जो प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक विभिन्न उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। इन प्राकृतिक उत्पादों में घनजीवामृत, बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र शामिल हैं, जिन्हें खेतों में रासायनिक खाद और कीटनाशकों के स्थान पर उपयोग किया जा रहा है।

## निधन

### रविन्द्र सिंह परिहार



**भोण्ड।** बस्तर नगर पंचायत निवासी रविन्द्र सिंह परिहार 68 वर्ष लम्बे समय से अस्वस्थ थे। उनका निधन सोमवार को शाम 7 बजे हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम खड़कघाट जगदलपुर में मंगलवार को किया गया। वे फतेसिंह परिहार के भाई तथा राम सिंह परिहार के पिता थे।

### पं. विष्णुदत्त मिश्र



**जगदलपुर।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता पं. विष्णुदत्त मिश्र का मध्य रात्रि 1:35 बजे निधन हो गया। वे लॉ कॉलेज के प्रोफेसर तथा शपथ कमिश्नर के साथ राजस्व मामले के विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते थे। वे विकास, योगिता मिश्रा के पिता थे।

### नवीना सुता



**जगदलपुर।** शहर के मेटगुड़ा निवासी नवीना सुता का रविवार को निधन हो गया। वे 52 वर्ष की थीं। वे बिलोरी मिडिल स्कूल में शिक्षिका थीं। वे लुकस सुता की धर्मपत्नी और पूर्व पार्षद जोहन सुता की बहु थीं। उनका अंतिम संस्कार करकापाल स्थित मसीही कब्रिस्तान में रविवार को किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग, वार्डवासी तथा शिक्षक शामिल थे।

# विधायक ने बच्चों का सम्मान कर बांटे खेल सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



■ भैया बहनों को अंकसूची व पुरस्कार दिया गया

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में पांचवी, आठवीं, दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम अंक सूची वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पार्षद सूरज सिंह, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, अनीश जॉर्ज व आदर्श ओसवाल उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम मां भारती, सरस्वती और ओम के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथियो का स्वागत विद्यालय के शिशु भारती के पदाधिकारियो के द्वारा श्रीफल, पुष्पगुच्छ व तिलक वंदन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य गोवर्धन ठाकुर ने किया। अतिथियों के द्वारा तीनों बोर्ड कक्षा पांचवी, आठवीं व दसवीं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किये भैया बहनों को अंकसूची व पुरस्कार प्रदान किया गया। पांचवी में प्रथम युर्वशी निषाद, द्वितीय ईशिका नेताम, तृतीय तेजस्व कुमार सार्वा रहे। आठवीं में प्रथम सिया कडती, द्वितीय चांदनी नाग, तृतीय साक्षी साहू रहे। कक्षा दशम में प्रथम तेजेश्वर नेताम, द्वितीय कुमारी मौली सेन, तृतीय स्थान पर ओम गुप्ता रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा।

विधायक ने बच्चों के खेलने के लिए खेल किट प्रदान किया। जिसमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चे संस्कारवान होते हैं। गीदम शिशु मंदिर के बच्चे हमेशा खेलकूद, बौद्धिक व पढ़ाई में आगे रहे हैं मैं सबको शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

मैं विद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के लिए सभा कक्ष, कंप्यूटर, हाई मास्क लाइट व लैब निर्माण कार्य शीघ्र करवाने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती व प्रसाद वितरण के पश्चात आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई आभार व्यक्त विद्यालय समिति के व्यवस्थापक ने किया।

### अनियमितता को लेकर संगठन पूर्व से है आंदोलनरत

# शिक्षकों ने विद्यालय से आकस्मिक अवकाश लेकर किया शाला बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शिक्षक सांझा मंच के बेनर तले आज जिला दंतेवाड़ा के समस्त लोकल बाडी संवर्ग के शिक्षकों ने विद्यालय का आकस्मिक अवकाश लेकर एक दिवसीय शाला बहिष्कार किया। युक्तियुक्तकरण में नियमों में विसंगति एवं हुई अनियमित्ता को लेकर संगठन पूर्व से ही आंदोलनरत है। आज के इस बंद से जिला की संपूर्ण शालाओं में तालाबंदी देखी गई।

■ शिक्षक एलबी संवर्ग को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा

शिक्षक सांझा मंच के जिला संयोजक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि चार सूत्रीय मांग को लेकर आज जिला के सभी चारो विकासखण्डों में एलबी संवर्ग के समस्त शिक्षकों के द्वारा एक दिवस आकस्मिक अवकाश लेकर अपनी मांगों को खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौपा गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर के डबल बैंच में दिये फैसले के अनुसार सोना साहू को पंचायत एवं शिक्षा विभाग की पूर्व सेवा अवधि का एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान किया गया है। इसी प्रकार अन्य सभी शिक्षकों के क्रमोन्नति एवं एरियर्र हेतु जनरल आर्डर न जारी होने के कारण शिक्षक संवर्ग को न्यायालय की शरण में जाना पड़ रहा है। शासन से क्रमोन्नति हेतु जनरल आर्डर जारी करने की मांग की है। जिला संयोजक उदय शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में शिक्षक एलबी संवर्ग को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शासन को चाहिए की एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पूर्व की सेवा की गणना की जावे। जिला संयोजक अशोक नाग ने बताया कि युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगतियां है। 2008 में जारी नियम के तहत विद्यालय एवं शिक्षकों का सेटअप यथावत रखते हुए दो सितंबर 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण के नियम को तत्काल निरस्त किया जावे। शिक्षक सांझा मंच के जिला संयोजकों ने यह कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को क्रमिक रूप से तेज किया जावेगा।

# शिक्षक साझा मंच ने रैली निकालकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छग शिक्षक साझा मंच के प्रदेश व्यापी आह्वान पर जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने तीन दिन से हो रही बारिश के बीच रैली एवं धरना प्रर्दशन के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

छग शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक प्रहलाद जैन एवं राजेश मिश्रा सह संचालक कैलाश रामटेके वा सुशील हेमला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पूर्व में भी युक्तियुक्तकरण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जून महीने मे राजधानी नया रायपुर मे रैली एवं धरना प्रर्दशन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर शिक्षा सचिव से वार्ता विफल हुई थी एवं शिक्षकों की माँगों को अनसुना कर दिया गया।जिस पर आंदोलन की रणनीति बनाई गई।आँदोलन के प्रथम चरण के अंतर्गत सोमवार को प्रदेश के सभी ब्लाक मुख्यालयों मे धरना प्रदेशन किया गया।

जिला मुख्यालय में ब्लाक अध्यक्ष शांति लाल वर्मा,विजय चापड़ी, राजेश मिश्रा, कैलाश रामटेके, सुनील झाड़ी सुशील हेमला के नेतृत्व मे धरना प्रर्दशन एंव रैली के माध्यम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। विकासखण्ड भैरमगढ़ मे जिला संचालक प्रहलाद जैन प्रांतीय उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झाड़ी के नेतृत्व में धरना-प्रर्दशन कर तहसीलदार घरत को ज्ञापन सौंपा गया। विकासखण्ड उसूर में महेश यालम, रुद्र प्रताप झाड़ी, किशोर बारसे अलीम रिजवी के नेतृत्व मे ज्ञापन एसडीएम भूपेन्द्र गाँवरे को सौंपा गया। विकासखण्ड भोपालपटनम में योगेश वासम, अप्पाजी शेखर वा संजय चिंतुर महेश शेट्टी के नेतृत्व में धरना प्रर्दशन कर ज्ञापन को सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में प्रमुख माँगे इस प्रकार हैं 2008 के सेटअप को यथावत रखा जाये, सोना साहू प्रकरण उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार समस्त शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान सहित एरीयर्श राशि दिया जावे। पूर्व की भाँति समस्त प्रशिक्षित शिक्षकों की पदोन्नति की जावे। आंदोलन में प्रमुख रुप से महेन्द्र काशी, चन्द्रभान निषाद,केदार देशमुख, सी पुरुषोत्तम ,एट्टी राजन्ना, अनिल झाड़ी, टिल्लू संगम, राकेश गिरि, सरोजनी बंजारे, सरोजनी ठाकुर, सीमा कुड़ीयम मौजूद थे।

# शिक्षकों ने किया धरना प्रदर्शन व निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

■ सरकार सकारात्मक कदम नहीं उठाती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा

छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रदेशव्यापी आह्वान पर आज विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के सैकड़ों शिक्षकों ने एकजुट होकर राज्य सरकार से अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित इस विरोध कार्यक्रम के तहत शिक्षकों ने अनुविभागीय अधिकारी को राज्य सरकार मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने सरकार से 2008 में स्वीकृत पदसंरचना के अनुरूप पद की गणना कर युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही संपन्न की जाये,पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान के सर्वहित में करते हुए जनरल आदेश किया जावे, शिक्षक एलबी संवर्ग को पंचायत विभाग की प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन व अन्य लाभ प्रदाय किया जावे, व्याख्याता एवं प्राचार्य पदोन्नति में बीएड की प्रशिक्षण की अन्य अनिवार्यता को शिथिल कर पूर्व की भांति डी एड प्रशिक्षितों को पदोन्नति के लाभ का अवसर प्रदान किया जाए। साथ ही प्राचार्य की सीधी भर्ती के 10 प्रतिशत पदों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरा जावे। लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक इकाई ब्लॉक संचालक राहुल सिंह ठाकुर, अमित अवस्थी, कमल साय कश्यप, कमल नाग व ब्लॉक के शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भागीदारी रही।

# शिक्षक साझा मंच ने सौंपा समस्याओं को दूर करने मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर ब्लॉक इकाई दरभा द्वारा दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निरस्त करने, क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने, नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पेंशन एवं समस्त लाभ प्रदान करने, व्याख्याता एवं प्राचार्य पदोन्नति में बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता को शिथिल करने आदि मांग को लेकर साझा मंच द्वारा 1 जुलाई को विकास खण्ड स्तर पर धरना प्रदर्शन कर विभिन्न नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, शिक्षा सचिव छत्तीसगढ़ शासन, संचालक लोक शिक्षण संचानालय छग रायपुर के नाम तहसील कार्यालय दरभा में पहुंच कर मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार जयंत कुमार को एवं खंड शिक्षा अधिकारी दरभा जगदीश पात्र को ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक साझा मंच के ब्लॉक संचालक बुधराम कश्यप, हरचित मौर्य, महताप सिंह बघेल संयुक्त रूप से बताया और मांग किया है कि यदि शासन प्रशासन द्वारा उपरोक्त हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है और मांगे पूरी नहीं हुई तो आगे शिक्षक साझा मंच द्वारा उग्र और अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जाएगा। इस अवसर पर मंगल मौर्य, बुधराम कश्यप, हरचित मौर्य, महताप सिंह बघेल, चक्रधर बघेल, शिवराम कश्यप, पारस यदु, सीताराम नाग, मनीराम नाग, रामेश्वर कश्यप, रामू बघेल, सुदामा नाग, सुकमन नाग, देवेन्द्र ठाकुर, जितेश द्विवेदी, अनंत भारद्वाज,मंगलू नाग,पवन ध्रुव,नरसिंह बघेल, बंशीधर बघेल, जुलेखा शाह, गीता सोनी, उषा कश्यप, सीमा खटाने, राधामनी कश्यप, दुलो हरपाल, जमुना भारद्वाज, दयमती बघेल, सुबती नाग तथा शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में एस्ट्रोनॉमी लैब की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



स्वामी आत्मानंद शा.उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय भोपालपटनम में एस्ट्रोनॉमी लैब की शुरुआत ने नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र के बच्चों के सपनों को नया आसमान दे दिया है। अब यहां के बच्चे भी टेलिस्कोप से अंतरिक्ष की अनदेखी दुनिया को देखने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। बीजापुर जिले के 10 सरकारी स्कूलों में एस्ट्रोनॉमी लैब की स्थापना की गई है, जिसमें भोपालपटनम का स्वामी आत्मानंद स्कूल भी शामिल है। इस पहल ने जिले को स्पेस सिटी के नए स्वरूप की ओर अग्रसर किया है। खगोलशास्त्र अब किताबों से बाहर। लैब प्रभारी शिक्षक भाविक गोड़बोले, यशवंत सिन्हा,ने बताया कि बच्चों को सूर्य और चंद्र ग्रहण, उल्कापिंड वर्षा, धूमकेतु की गति, भूकंप की प्रक्रिया और ऋतुओं के परिवर्तन जैसी जटिल खगोलीय और भूगर्भीय घटनाओं की जानकारी व्यवहारिक तरीके से दी जा रही है। यह प्रणाली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ावा दे रही है।

### ब्रह्मांड को देखने का मिला अवसर

कक्षा 12वीं की छात्रा तेजस्वी एडला ने बताया कि, पहले हम सिर्फ किताबों में पढ़ते थे, लेकिन अब खुद प्रयोग कर, टेलिस्कोप से देखकर ब्रह्मांड की गहराई को समझ सकते हैं। यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। संस्था के प्राचार्य एन. राजेश ने कहा, बच्चों के पास पहले सिर्फ कल्पनाएं थीं, लेकिन अब लैब की मदद से वे सौरमंडल और अंतरिक्ष की घटनाओं को प्रत्यक्ष रूप से देख और समझ पाएंगे । विज्ञान अब उनके लिए जीवंत और रोचक बन गया है।

# शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



दंतेवाड़ा जिले के गीदम में शिक्षक साझा मंच के बैनर तले ब्लॉक गीदम के शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा विभाग सचिव व संचालक लोक शिक्षण संचनालय छग के नाम गीदम एसडीएम को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन सौपने के दौरान शिक्षकों ने कहा कि उच्च न्यायालय बिलासपुर डब्ल्यू ए 261/ 2023 डबल बेंच के 28 फरवरी 2024 को निर्णय अनुसार सोना साहू शिक्षक पंचायत / शिक्षक एलबी को पंचायत व शिक्षा विभाग की पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान किया गया है। इसी तर्ज पर प्रदेश के सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए सहित एरियर्स क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान हेतु जनरल आर्डर जारी किया जावे। वहीं शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन व अन्य लाभ प्रदान किया जाए। तीसरी मांगों में पदोन्नति में बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता को शिथिल किया जाए, पूर्व की भांति शिक्षक से व्याख्याता एवं व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति के लिए बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता शिथिल कर डीएड प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान किया जाए। साथ ही प्राचार्य के सीधी भर्ती के 10 प्रतिशत पदों को विभागीय परीक्षा लेकर तत्काल भरा जाए। इसके साथ ही वर्तमान में हुए युक्तियुक्त कारण में व्यापक विसंगतियां हैं। दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इन व्यापक विसंगतियों को देखते हुए 2 अगस्त 2024 को जारी नियम के तहत हुए विद्यालय एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त किया जाए।

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सेटअप 2008 के विपरीत है, विद्यालयों में 21 मार्च 2008 में वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत पद के अनुरूप युक्तियुक्तकारण किये जाने जैसी मांग शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार से की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक राकेश मिश्रा, अंकित गुप्ता, केशव स्वर्ण, दीपक गर्ग, रजनीश ओसवाल, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, योगेश सोनी, नितिन विश्वकर्मा, त्रिपेश चापडी, रमा कर्मा, शाजिद भारती, आशुतोष शिवहरे, वेदिका नाग समेत गीदम ब्लॉक के सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने 8 एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी



**बीजापुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा ने 8 नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी एम्बुलेंस एनएमडीसी के सीएसआर मद के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग को प्रदान की गई हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह पहल ग्रामीणों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। प्रशासन की कोशिश है कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें। यह एम्बुलेंस सेवा जिले के सभी ब्लॉकों और दूरस्थ गांवों में लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगी। एम्बुलेंस के संचालन से ग्रामीण अंचलों में रहने वाले मरीजों को अब इलाज के लिए अस्पताल तक लाना आसान होगा।

# शिक्षक साझा मंच के आह्वान पर शिक्षकों ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोण्ड



छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रदेशव्यापी आह्वान पर आज विकासखण्ड बस्तर के सैकड़ों शिक्षकों ने एकजुट होकर राज्य सरकार से अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित इस विरोध कार्यक्रम के तहत शिक्षकों ने अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार तथा खंड शिक्षा अधिकारी को राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने सरकार से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया में शीघ्रता, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों को समाप्त कर प्रक्रिया निरस्त करने तथा सभी भत्तों का नियमित भुगतान जैसी मांगे रखीं। शिक्षकों का कहना है कि ये मांगें लम्बे समय से लंबित हैं और अब सरकार को इस पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक संचालक महेन्द्र सिंह ठाकुर, लेखन कश्यप, संजय तिवारी के अलावा प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भागीदारी रही जो उनके संगठन की एकता और मांगों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## खबर संक्षेप

### बस-हाइवा की टक्कर में शहर के बलराम पटेल की मौत



**जगदलपुर।** रायल बस और हाइवा के बीच एक्सीडेंट रायपुर मार्ग पर अभनपुर में हुई थी । जिनमें 3 की जान गई उनमे एक बलराम पटेल कुम्हारपारा निवासी,एवरेस्ट कंपनी की मीटिंग में रायपुर जा रहे थे । वे पत्रकार मयंक पटेल के चाचा थे । जगदलपुर से रायपुर जा रही बस सुबह 4 बजे दुर्घटना ग्रस्त हुई । बताया गया कि घायल 9 लोगों में 3 की हालत गंभीर हैं।

### छिंदवाली महाकाली मंदिर में रूद्राभिषेक



**जगदलपुर।** शहर के मोतीतालाब पारा स्थित मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में चल रहे रूद्र चंडी महायज्ञ के दौरान रोज सैकड़ों भक्त यज्ञ में आहुतियां दे रहे हैं। इस अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए विशेष तौर पर असम से 11 वैदिक पंडित कर रहे हैं। महायज्ञ के मंगलवार को मंदिर में भक्तों की खासी भीड़ रही।

### 15 लाख की सहायता राशि प्रदत्त

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सल पुनर्वास नीति के तहत मृतक माड़वी कोसा के निकटतम वारिस उनके भाई कोसा माड़वी को 5 लाख, मृतक माड़ो कुड़यिम के निकटतम वारिस उनकी पत्नी दशरी कुड़यिम को 2 लाख 50 हजार एवं ममता कुड़यिम को 2 लाख 50 हजार, मृतक लांचा पुनेम के निकटतम वारिस उनकी पत्नी सोमली पुनेम को 5 लाख रूपए कुल तीन पीड़ितों के परिजनों को 15 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

# सांसद का प्रयास रंग लाया, जगदलपुर से सुकमा रोड होगी फोरलेन

## सांसद के पत्र के जवाब में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप 20 दिसंबर 2024 को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर जगदलपुर शहर के महाराणा प्रताप चौक पर फ्लाईओवर एवं (आईआई) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 जगदलपुर से सुकमा मार्ग को 4-लेन करने की मांग की थी। 24 जून 2025 को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बस्तर सांसद महेश कश्यप को पत्र लिखकर उपरोक्त कार्य की स्वीकृति के विषय में जानकारी दी।

■ शहर के आमागुड़ा बायपास स्थित महाराणा प्रताप चौक में बनेगा फ्लाई ओवर

पत्र में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लिखा कि मैंने इस मामले की जाँच करवाई तथा उक्त के संबंध में आपको अवगत कराया जाता है कि वर्तमान में यातायात घनत्व एवं विकास को ध्यान में रखते हुए मेरे मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में रष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक- 30 रायपुर-जगदलपुर मार्ग के किमी 81.500 से 298.00 कुल 216.500 किमी एवं जगदलपुर-सुकमा कोंटा मार्ग के किमी 14.200 से 184.800 कुल 170.600 किमी को 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर सहित विकसित करने के लिए डीपीआर कार्य वार्षिक योजना वर्ष 2024-25 मे सम्मिलित कर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र के माध्यम से सांसद महेश कश्यप को आश्वास्त किया कि नियुक्त डीपीआर कंसल्टेंट द्वारा सर्वे एवं डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए डीपीआर के परिणाम के आधार पर महाराणा प्रताप चौक पर फ्लाईओवर सहित उक्त मार्ग का उचित एलाइनमेंट तय करके शीघ्र ही कार्य स्वीकृत किया जाएगा।



### फ्लाईओवर से दुर्घटना में आएगी कमी

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय परिवार मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार प्रकट किया है। बस्तर सांसद महेश कश्यप का कहना है कि महाराणा प्रताप चौक में फ्लाई ओवर निर्माण से उक्त चौक में दुर्घटना में कमी आएगी। साथ ही नगर में ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर हो जाएगी। वही जगदलपुर सुकमा फोर लेन बनने से बस्तर विकास की एक नई गाथा लिखेगा और सुकमा जिले वासियों को परिवहन की बेहतर सुविधा मिल पाएगी।

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# किसानों की मांग के अनुरूप खाद बीज की उपलब्धता करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि खरीफ फसल सीजन के लिए किसानों की मांग के अनुरूप खाद-बीज की उपलब्धता करने सहित आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को वितरण सुनिश्चित करवाएं। आवश्यकता के अनुसार खाद-बीज के लिए वर्कआउट करें और सहकारी समितियों की मांग को समय पर पूर्ण किया जाए, जिससे कृषक खाद-बीज का उठाव समय पर कर सकें। कलेक्टर मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टेधारकों सहित सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय सुनिश्चित किए जाने कहा। कलेक्टर ने बैठक में अभी तक की वर्षा की स्थिति और खरीफ फसल सीजन हेतु खाद-बीज की मांग व उपलब्धता का संज्ञान लिया और खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण स्थिति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

■ मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवनों की भौतिक प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि पीजी पोर्टल, जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जन शिकायत वेब, केन्द्र सरकार के पोर्टल में प्राप्त होने वाले शिकायत का निराकरण एक माह से पहले किया जाना चाहिए। विभाग के अधिकारी के साथ-साथ नोडल अधिकारी शिकायत शाखा भी इस प्राथमिकता से निराकरण करवाएं, प्रति सप्ताह तक रिपोर्ट प्रस्तुत सुनिश्चित करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की भर्ती प्रक्रिया की गतिविधियां की समीक्षा किए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति का समीक्षा किए और प्रथम किश्त प्राप्त उपरांत आवासों की सातों जनपद से लक्ष्य के आधार पूर्णता की संज्ञान लेकर कार्य को जल्द करवाने के निर्देश दिए। स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत आत्मसमर्पित एवं नक्सल प्रभावित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीणों के तहत कचरा संग्रहण की स्थिति उपयोग शुल्क लेने की लक्ष्य सातों ब्लॉक में निर्धारित किए जाने कहा। सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य एवं सेग्रीगेशन शेड निर्माण, दुकान के साथ निर्मित सामुदायिक शौचालय संचालन की स्थिति का समीक्षा किए। स्वच्छता के लिए पानी की सुविधा को सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने इंटरप्राईजेस फाइनेंस प्रोग्रेस रिपोर्ट एनआरएलएम, लक्ष्य के आधार पर आवेदन की जमा नहीं करवाने पर नाराजगी जाहिर किए तथा उक्त कार्य में अद्यतन प्रगति लाने कहा। उन्होंने मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवनों की भौतिक प्रगति, जनपद पंचायतवार आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पीडीएस दुकान की निर्माण कार्य का भी समीक्षा किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वनमण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### नव प्रवेशी बच्चों की स्थिति पर चर्चा

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों में प्रगति और नव प्रवेशी बच्चों की स्थिति पर चर्चा किए। ब्लॉकवार बैठक लेकर ड्राप आऊट दर को कम करने पर जोर देते हुए सभी बच्चों का स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने कहा। वहीं जाति प्रमाण पत्र के लक्ष्य के आधार पर प्रगति तहसील स्तर पर एंन्ट्री करवाने के निर्देश दिए।

# बलात्कार के अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**जगदलपुर।** मकान मालिक की पुत्री के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के कोर्ट के पीठासीन अधिकारी वंदना वर्मा ने 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 रूपए का अर्थदंड की सजा दी। साथ ही अर्थदंड की राशि नहीं भुगतान पर 3 माह की अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने की सजा सुनाई। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रीति वानखेड़े ने पैरवी की।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत 10 जून 2021 की रात लगभग 2.30 बजे आरोपी संदीप तिवारी उसके मकान मालिक की 18 वर्षीय पुत्री के साथ उसकी सहमति के बिना बलात्संग स्थापित किया। इस दौरान उसने पीड़िता का मुंह दबा दिया था, जिससे वह अपने परिजनों को आवाज ना दे सके। इसके बावजूद उसके आवाज से उसके घर में सो रहे पिता और भाई उसके कमरे में आए तब आरोपी वहां से भाग गया। घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में 11 जून 2021 को पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई। मामले की जांच के पश्चात प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोपी संदीप तिवारी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में सभी साक्ष्यों के कथन के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के पीठासीन अधिकारी ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास और 1000 रूपए का अर्थदंड की सजा सुनाया।

# राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए डॉ. संजय बसाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक को एक गरिमा पूर्ण समारोह में राज्यपाल महामहिम रमन डेका के हाथों पुरस्कृत किया गया। विदित हो की डॉ. बसाक बस्तर के सुदूर क्षेत्र सुकमा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर और दंतेवाड़ा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रहने के बाद वर्तमान में बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनके कार्यकाल में कोंडागांव अस्पताल को कायाकल्प के तहत पुरस्कृत किया गया और उनके द्वारा ही जिला अस्पताल में हमर लैब प्रारंभ किया गया। बस्तर में जिला मलेरिया अधिकारी के पद पर रहते हुए दरभा, लोहंडीगुड़ा जैसे मलेरिया ग्रसित क्षेत्र के लिए विशेष रूप से कार्य किया, जिसमें मलेरिया प्रकरणों में गिरावट आई। इसी तरह नारायणपुर जैसे सुदूर क्षेत्र में काम करते हुए मलेरिया और महामारी नियंत्रण के लिए विशेष कार्य किया। इनके इन्हीं उपलब्धियों के लिए 28 जून को रायपुर में यह सम्मान दिया गया। इससे पहले भी डॉ. बसाक को कई संस्थाओं द्वारा उनके उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया जा चुका है।

# एनएमडीसी बचेली सीएसआर ने जिला अस्पताल बीजापुर को 8 एम्बुलेंस प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएमडीसी बचेली ने अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत जिला प्रशासन बीजापुर को 8 एम्बुलेंस सौंपी, जिनका उद्देश्य जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। सीएसआर मद द्वारा कुल 1.17 करोड़ रुपए से यह 8 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एम्बुलेंस बीजापुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेरपाल, 30 बिस्तर अस्पताल नैमेड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र भोपालपटनम और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड़ को प्रदान की गई हैं।

एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का कार्यक्रम संबित मिश्रा, जिला कलेक्टर बीजापुर, महेश नायर, महाप्रबंधक (कार्मिक) एनएमडीसी बचेली, जोसी थॉमस, उप महाप्रबंधक (सीएसआर), सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) और एनएमडीसी बचेली तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में 1 जुलाई को संपन्न हुआ। ये एम्बुलेंस बीजापुर जिले के दूरदराज के गांवों में चिकित्सा पहुंच को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। एनएमडीसी सीएसआर गतिविधियों के तहत बस्तर के ग्रामों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।





# बस्तर जैसे सुदूर क्षेत्र में समर्पण और सेवा के जज्बे को किया सलाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डॉक्टर दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी बस्तर जिला के नेताओं ने महारानी अस्पताल पहुंचकर समस्त चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बस्तर जोन प्रभारी समीर खान ने डॉक्टरों के समर्पण और सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि बस्तर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में जहां संसाधनों की कमी है, वहां भी डॉक्टर जनसेवा में दिन-रात तत्पर रहते हैं। उनका यह सेवा भाव अत्यंत प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी डॉक्टरों के योगदान को सम्मान की दृष्टि से देखती है और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। इस अवसर पर पार्टी प्रतिनिधियों ने डॉक्टरों को पुष्प गुच्छ और शुभकामना पत्र भेंट कर उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता जताई। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार से यह भी मांग की कि डॉक्टरों को बेहतर सुविधाएं एवं सुरक्षा मिले ताकि वे और अधिक निष्ठा से अपनी सेवाएं दे सकें।

डॉक्टर डे पर समीर खान ने कहा,दुर्गम इलाकों के असली नायक हैं हमारे डॉक्टर। डॉक्टर डे के मौके पर आम आदमी पार्टी बस्तर के नेताओं ने महारानी अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा चाहे बारिश हो या सड़क न हो, डॉक्टर बस्तर की जान हैं, आम आदमी पार्टी उनके सम्मान में खड़ी है। डॉक्टरों की सेवा भावना को सलाम करते हुए पार्टी ने कहा कि बस्तर के दुर्गम अंचलों में जहां सरकारें नहीं पहुंचती, वहां डॉक्टर ज़रूर पहुंचते हैं।

# सिरिसगुड़ा में गौ हत्या के नाम पर सनातन आस्था पर प्रहार, बजरंग दल ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सिरिसगुड़ा पंचायत के कांडकीपारा में बीते रविवार को घटित गौ हत्या की घटना केवल कानून का उल्लंघन नहीं,बल्कि हमारे सनातन मूल्यों एवं ग्राम की सांझी संस्कृति पर सीधा आघात है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि गांव के पहाड़ी क्षेत्र में गौ वध कर उसका मांस सेवन करने की नीयत से एकत्र हुए चारों आरोपी मतांतरित समुदाय से संबंधित हैं।

■ गौमांस के साथ पकड़े गए मतांतरित गांव की सहिष्णुता को दी गहरी चोट

विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल इस सुनियोजित कृत्य की घोर निंदा करता है।

बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना कोरी ने बताया कि बजरंग दल को विश्वस्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि सिरिसगुड़ा में गौ हत्या की योजना बनाई जा रही है। त्वरित संज्ञान लेते हुए संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद बड़ांजी पुलिस ने दबिश देकर चार आरोपियों बुधराम मंडावी,सुखराम कश्यप,चंदशेखर मंडावी और मानसिंग मंडावी को गिरफ्तार किया। जहां स्थल पर सफेद व नीले प्लास्टिक बोरियों में मिले गौ मांस के टुकड़े, खाल, मुंडी, पूंछ आदि अवशेष जब्त कर पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। समस्त अवशेषों का विधिवत एवं ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। आरोपियों द्वारा बताया गया की गौ माँस खाने और बेचने के उद्देश्य से पशु बाजार लोहंडीगुड़ा से बैल खरीदना स्वीकार किया जहां पहले लगभग 30 भागों में बाटा जाना था फिर बचे हुए गौ मांस को बाजारों में सुवर मांस बेचने वालो को दिया जाना था। इस दौरान विहिप प्रांत प्रचार प्रसार सदस्य रोहन कुमार, विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, बजरंग दल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी, नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख योगेश रेली,नगर सह प्रमुख अभिषेक साहू,वार्ड अध्यक्ष तमिश नायडू,स्थानीय पुलिस व पशु चिकित्सा विभाग की टीम घटनास्थल पर मौजूद रही।

विहिप विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल ने कहा हम प्रशासन से यह मांग करते हैं कि आरोपियों पर गौ हत्या के लिए पशु क्रूरता अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाए।

# स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तोकापाल मंडी में महिला संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक 30 जून को आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मितानिन सोनो (सिंगपुर) एवं सचिव सरिता (बड़े मारेंगा) द्वारा की गई।

■ महिला संघ की बैठक में रणनीति पर हुई चर्चा

बैठक में लगभग 125 मितानिन दीदियों के साथ 20 मास्टर ट्रेनर बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर पर मितानिन बहनों को आने वाली समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई तथा आगामी रणनीतियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सोनमती, वदना, नीता मुखर्जी , उर्मिला गोयल, दयावती वर्मा ने मिलकर संगठन को सशक्त बनाने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु अपने विचार साझा किए। बैठक सफलतापूर्वक एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई।

